**Patrika (Indore), 07th August 2025, Page- 02**

# आइआइटी इंदौर में नया 'बी डिजाइन' प्रोग्राम हुआ शुरू

## अंतः विषय रचनात्मकता और उद्यमिता को बढ़ावा देने में मिलेगी मदद

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**इंदौर @ पत्रिका.** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान इंदौर ने स्कूल ऑफ इनोवेशन के बैचलर ऑफ डिजाइन के नए बैच की शुरुआत की है। यह अंतः विषय नवाचार, उद्यमिता और डिजाइन थिंकिंग को आगे बढ़ाने के लिए शैक्षणिक और अनुसंधान कार्यक्रम है। कार्यक्रम की अध्यक्षता आइआइएम अहमदाबाद के पूर्व प्रोफेसर अनिल कुमार गुप्ता ने की। इस अवसर पर आइआइटी इंदौर के निदेशक प्रोफेसर सुहास जोशी भी उपस्थित थे। प्रो. गुप्ता ने समावेशी, प्रासंगिक और सतत नवाचार के माध्यम से युवाओं को सशक्त बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। अपशिष्ट न्यूनीकरण, फ्रूगल इंजीनियरिंग आदि पर उन्होंने कहा, स्कूल ऑफ इनोवेशन रचनात्मक, वास्तविक दुनिया की समस्याओं के समाधान का एक केंद्र बनेगा। प्रो. कीर्ति त्रिवेदी के मार्गदर्शन में डिजाइन किया गया चार वर्षीय पूर्णकालिक 'बी डिजाइन' कार्यक्रम शहरी प्रणाली नवाचार, शैक्षिक प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य सेवा प्रणालियां और सतत ऊर्जा प्रणालियों में विशेषज्ञता प्रदान करता है। यह स्टार्टअप इंक्यूबेशन सहायता और डिजाइन-केंद्रित परियोजना के अवसर प्रदान करेगा।